दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 14 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 77

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरक्षा बलों ने सोपोर में सडक़ किनारे लगाए गए आईईडी का पता लगाया

**श्रीनगर (आरएनएस)।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में एक सडक़ के किनारे लगाए गए आईईडी का मंगलवार को पता लगाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोपोर के तुलीबल में सुरक्षा बलों के एक दस्ते (रोड ओपनिंग पार्टी) ने आतंकवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी का सुबह पता लगाया। आतंकवाद प्रभावित इलाकों से बलों के गुजरने के दौरान मार्ग की सुरक्षा संबंधी जांच का काम 'रोड ओपनिंग पार्टी करती है। अधिकारियों ने कहा कि आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है।

### डोडा जिले में कार खाई में गिरी, दंपती की मौत

**भद्रवाह/जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक कार के सडक़ से फिसल कर गहरी खाई में गिर जाने की घटना में सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी और उनकी पत्नी की मंगलवार को मौत हो गई. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि मंगत राम (62) और उनकी पत्नी शकुंतला देवी (58) गंडोह स्थित अपने आवास से जम्मू जा रही थी . उन्होंने बताया कि इसी दौरान यह दुर्घटना जाठी गांव के पास हुई. राम खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले (एफसीएससीए) विभाग के एक सेवानिवृत्त तहसील आपूर्ति अधिकारी (टीसीओ) थे. अधिकारी ने बताया कि उनकी कार कई सौ फुट ऊंचाई से खाई में पलट गई. पूर्व अधिकारी की पत्नी शकुंतला को बचाव दल ने मौके पर ही मृत पाया, जबकि राम ने सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया.

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, मां-बेटी की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** ग़ाजिय़ाबाद में वेव सिटी थाना क्षेत्र के लालकुआं के पास बुलंदशहर रोड पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती और दो बच्चों के टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई जबकि पिता और एक बेटी घायल हो गई। मृतकों की पहचान समा परवीन (38) पत्नी वहाब, उनकी पांच वर्षीय बेटी मायरा के रूप में हुई है। वहाब और उनकी कशिश(12) और आल्या (9) घायल हो गए। उन्हें जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहाब पत्नी और बच्चों के साथ शहीद नगर अपनी ससुराल से मंगलवार सुबह बुलंदशहर कमालपुर अपने गांव वापस लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी चालक ट्रक मौके पर छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। वेव सिटी थाना प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### चीन ने अरुणाचल में यथास्थिति बदलने की कोशिश को नाकाम किया: राजनाथ

**रक्षा मंत्री का संसद में बयान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि चीन ने 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश में भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश की थी, जिसे हमारे सैनिकों ने नाकाम कर दिया। इस मुद्दे पर रक्षा मंत्री लोकसभा में बयान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएलए के सैनिकों ने ट्वांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में एलएसी का उल्लंघन करने की कोशिश की और एकतरफा तरीके से यथास्थिति को बदलने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि चीन की कोशिश का हमारे जवानों ने दृढ़ता और दृढ़ तरीके से मुकाबला किया। उन्होंने कहा, आगामी टकराव के कारण हाथापाई हुई, जिसमें भारतीय सेना ने बहादुरी से पीएलए को हमारे क्षेत्र में प्रवेश करने से रोका और उन्हें अपने पदों पर लौटने के लिए मजबूर किया। हाथापाई में दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को चोटें आईं। राजनाथ ने कहा कि भारत की तरफ कोई गंभीर चोट या मौत नहीं हुई है। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि सशस्त्र बल भारत की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस तरह के किसी भी दुस्साहस को विफल कर देंगे।

# चीनी सैनिकों के कुप्रयास को भारतीय सेना ने किया विफल : अमित शाह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर हुए चीनी सैनिकों के अतिक्रमण के कुप्रयास को भारतीय सेना द्वारा विफल कर दिए जाने के पश्चात् भारतीय सेना के शौर्य एवं वीरता की भूरि-भूरि सराहना की और संसद परिसर में मीडिया को संबोधित कर कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। शाह ने कहा कि आज संसद में प्रश्नकाल को विपक्ष और ख़ास कर कांग्रेस पार्टी द्वारा नहीं चलने दिया गया। मैं विपक्ष और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के इस कुप्रयास की घोर निंदा करता हूँ। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन सीमा पर बीते 8 दिसंबर की देर रात और 9 दिसंबर की सुबह के दरम्यान घटी हुई घटनाओं का हवाला देते हुए विपक्ष ने प्रश्नकाल को स्थगित कराया जिसका कोई औचित्य नहीं था। जब संसदीय कार्य मंत्री ने स्पष्टता से कह दिया था कि आज दोपहर 12:00 बजे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस विषय पर सदन के सामने अपना बयान रखेंगे तो विपक्ष द्वारा प्रश्नकाल को स्थगित करवाना कहीं से भी सही नहीं था। मुझे भी थोड़ा आश्चर्य हुआ। फिर, मैंने प्रश्नकाल की सूची को देखा तो पांचवें नंबर का प्रश्न देख कर इनकी चिंता समझ गया क्योंकि प्रश्नकाल का पांचवां प्रश्न राजीव गांधी फाउंडेशन के एफसीआरए रजिस्ट्रेशन को रद्द करने के बारे में था और कांग्रेस के ही सदस्य के द्वारा यह प्रश्न उठाया गया था। इसका जवाब भी बहुत स्पष्ट था। अगर मौक़ा मिलता तो मैं सदन के पटल पर भी बताता कि राजीव गांधी फाउंडेशन को 2005-06 और 2006-07 के वित्तीय वर्ष में चीनी दूतावास से 1.35 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ था जो एफसीआरए क़ानून के अनुरूप नहीं था। अमित शाह ने कहा कि चूंकि चीनी दूतावास द्वारा कांग्रेस पार्टी को मिला अनुदान एफसीआरए क़ानून और उसकी मर्यादाओं के अनुरूप नहीं था तो इसलिए इस संदर्भ में नोटिस देकर, पूर्णतया कानूनी प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए गृह मंत्रालय ने राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए रजिस्ट्रेशन रद्द किया था। राजीव गांधी फाउंडेशन ने अपना रजिस्ट्रेशन सामाजिक कार्यों के लिए करवाया था लेकिन जो राशि चीनी दूतावास से इस फाउंडेशन को मिली थी, वह फाउंडेशन को भारत-चीन संबंधों के विकास पर शोध करने के लिए दिया गया। अब मैं कांग्रेस पार्टी को पूछना चाहता हूं कि उन्होंने क्या शोध किया । अमित शाह ने कहा कि 1962 में भारत की जो हजारों हेक्टेयर की भूमि चीन ने हड़प ली थी, क्या इस विषय को अपने शोध में शामिल किया था? और, यदि इस विषय पर राजीव गांधी फाउंडेशन ने शोध किया तो रिपोर्ट क्या आई। जवाहरलाल नेहरू के चीन प्रेम के कारण सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की बलि चढ़ गई। इस विषय को राजीव गांधी फाउंडेशन ने अपने शोध का विषय बनाया था क्या और अगर बनाया था तो इसका नतीजा क्या हुआ। जिस वक्त गलवान में हमारे सेना के वीर जवान चीनियों से भिड़ रहे थे, उस वक्त चीनी दूतावास के अधिकारियों को कौन रात्रि भोज दे रहा था। वह, राजीव गांधी फाउंडेशन के शोध का विषय था क्या? अगर था तो उसका निष्कर्ष क्या निकला। जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो 2006 में भारत में चीन के दूतावास ने पूरे अरुणाचल और पूरे नेफा पर अपना दावा कर दिया था, क्या इस विषय को राजीव गांधी फाउंडेशन ने अपने शोध में शामिल किया था? यदि किया था, तो इस पर क्या निष्कर्ष निकला। 25 मई 2007 को चीन ने कांग्रेस के ही मुख्यमंत्री दोरजी खांडू को वीजा देने से इनकार कर दिया यह मानते हुए कि अरुणाचल तो हमारा ही हिस्सा है। इस पर फाउंडेशन ने शोध किया। 13 अक्टूबर 2009 को मनमोहन सिंह की अरुणाचल यात्रा पर चीन ने आपत्ति जताई थी। उस पर राजीव गांधी फाउंडेशन ने शोध किया था क्या। 2011 में कांग्रेस की सरकार ने चीन की धमकी के बाद डेमचोक में हमारे रोड और बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण रोक दिया। यह क्यों रोका गया? राजीव गांधी फाउंडेशन ने इस विषय पर शोध किया क्या।



कांग्रेस पार्टी पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को कहना चाहता हूँ कि यह दोहरा और दोगला रवैया जनता के सामने नहीं चलता है। जनता सब देख रही है। कांग्रेस पार्टी के एक परिवार द्वारा चलाये जा रहे राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए रजिस्ट्रेशन फाउंडेशन को चीनी दूतावास से मिले हुए अनुदान के कारण समाप्त हुआ है। कांग्रेस की ही सरकार के समय में देश की हजारों किलोमीटर भूमि अवैध रूप से चीन द्वारा हड़प ली गई। कांग्रेस के ही समय में हमें मिली हुई सुरक्षा परिषद की सदस्यता अपने निजी संबंधों को बनाने के लिए चीन को भेंट दे दी गई। देश की जनता इन सारे विषयों को जानती और समझती है। अमित शाह ने कहा कि मैं इतना स्पष्ट करना चाहता हूं कि देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं और देश में जब तक भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार चल रही है, देश की एक इंच जमीन पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता। 08 दिसंबर की देर रात और 09 दिसंबर की सुबह अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन सीमा पर हमारे वीर जवानों ने जो वीरता दिखाई है, मैं इसकी भूरि-भूरि सराहना करता हूँ और अपने जवानों के शौर्य को सलाम करता हूँ कि उन्होंने घुसे हुए चीनियों को कुछ ही घंटों में वापस खदेड़ दिया और मातृभूमि की रक्षा की।0 शाह ने कहा कि राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को जाकिर नाइक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन से 7 जुलाई 2011 को 50 लाख रुपये का अनुदान मिला था। मैं पूछना चाहता हूं राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट के कर्ताधर्ता से जो फैमिली पार्टी कांग्रेस के उस परिवार के ही सदस्य हैं, कि आपको यह पैसा जाकिर नाइक ने किस मकसद के लिए दिया था? इसकी भी स्पष्टता देश की जनता के सामने होनी चाहिए।

## भारत-चीन सीमा विवाद... तवांग में सैनिकों के बीच झड़प पर संसद में हंगामा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय एवं चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 10 मिनट दोपहर 12 बजे तक स्थगित। बता दें कि इस पर विपक्षी दलों ने सरकार से जवाब मांगा था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय एवं चीनी बलों के बीच हुई झड़प को लेकर मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में एक बयान देंगे। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मंत्री संभवत: दोपहर 12 बजे लोकसभा और अपराह्न करीब दो बजे राज्यसभा में इस मामले पर बयान देंगे। भारतीय सेना ने सोमवार को बताया था कि भारतीय और चीनी सैनिकों की तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट एक स्थान पर नौ दिसंबर को झड़प हुई,



जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गए। पूर्वी लद्दाख में दोनों पक्षों के बीच 30 महीने से अधिक समय से जारी सीमा गतिरोध के बीच पिछले शुक्रवार को संवेदनशील सेक्टर में एलएसी पर यांग्त्से के पास झड़प हुई। कांग्रेस के कई सांसदों ने चीन के साथ लगती सीमा पर हालात को लेकर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग करते हुए मंगलवार को कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस दिए थे।

## आप राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त करेगी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) अपने नेता एवं राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) नियुक्त करेगी। पाठक पंजाब और गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रभारी थे। गुजरात में मिले मतों के दम पर ही पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने योग्य बनी है। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि राज्यसभा के सदस्य पाठक को 'आप का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) नियुक्त किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नीत 'आप ने गुजरात विधानसभा चुनाव में 181 सीट में से केवल पांच सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन उसे कुल मतों के करीब 13 प्रतिशत मत मिले थे।

## प्रधानमंत्री मोदी पर विवादित बयान देने वाले पूर्व मंत्री राजा पटेरिया गिरफ्तार

**पन्ना/दमोह (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को पुलिस ने आज सुबह गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ कल एफआईआर दर्ज की गई थी। पटेरिया को पुलिस ने पवई में थाने में रखा है। इसके बाद उन्हें स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया। इसके पहले पवई चिकित्सालय में उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

पन्ना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पन्ना जिले के चारों एसडीओपी पवई आजयगढ़ थाना प्रभारी सहित हटा एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने एक साथ पूर्व मंत्री के हटा स्थित आवास पर 5:30 बजे पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किए जाने की सूचना दी।

गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के निर्देश पर पन्ना पुलिस ने पटेरिया के खिलाफ शांतिभंग और वैमनस्य फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। राजा पटेरिया का कहना है कि मैंने हत्या करने की बात नहीं कही, बल्कि अगले चुनाव में मोदी को हराने की बात कही है। फ्लो में हो जाता है।

पूर्व मंत्री राजा पटैरिया ने रविवार को पन्ना में कांग्रेस के एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। इसी कार्यक्रम का एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में राजा पटेरिया कहते दिख रहे हैं कि मोदी चुनाव खत्म कर देंगे, मोदी भारत को धर्म, जाति, भाषा के आधार पर विभाजित करेंगे, दलितों, आदिवासियों का जीवन और अल्पसंख्यक खतरे में हैं, अगर संविधान को बचाना है तो मोदी को मारने के लिए तैयार रहें। बाद में उसी वीडियो में, कांग्रेस नेता ने दावा किया कि उनके भाषण में हत्या शब्द का अर्थ हार है। उन्होंने कहा कि वह महात्मा गांधी की अहिंसा की विचारधारा का पालन करते हैं, और उनका मतलब था कि अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए पीएम मोदी को चुनावी रूप से हराना आवश्यक है।

## विपक्षी सदस्यों ने महंगाई और अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अर्थव्यवस्था की स्थिति और महंगाई को लेकर मंगलवार को लोकसभा में सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों एवं सरकार से असहमत कारोबारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है. दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि वैश्विक स्तर की चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है.

लोकसभा में 2022-23 के लिये अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच और 2019-20 के लिए अनुदान की अतिरिक्त मांगों पर सोमवार को अधूरी रही चर्चा को आगे बढ़ाते हुए तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि किसी को नीचा दिखाने के लिए 'पप्पू' शब्दावली का इस्तेमाल किया गया. आंकड़ों के जरिये पता चलता है कि 'असली पप्पू' कौन है?

उन्होंने कहा कि विदेश राज्य मंत्री ने सदन में बताया कि पिछले नौ वर्षों में लाखों लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी. मोइत्राा ने कहा कि ऐसा क्यों हो रहा है कि लोग नागरिकता छोड़ रहे हैं. महुआ ने दावा किया कि विरोधी दलों के नेताओं को परेशान करने के लिए ईडी को इस्तेमाल किया जा रहा है. यह बताना चाहिए कि ईडी के मामलों दोषसिद्धि का प्रतिशत क्या है? क्या सिर्फ लोगों को परेशान करने के लिए इस एजेंसी का इस्तेमाल हो रहा है? असली पप्पू कौन है?



उन्होंने सवाल किया कि सरकार अतिरिक्त राजस्व, खासकर कर से इतर राजस्व संग्रह के लिए क्या कर रही है? तृणमूल सांसद ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि हम लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं. हमारा यह अधिकार है कि सरकार की अक्षमता को लेकर उससे सवाल करें. यह सरकार का राजधर्म है कि वह जवाब दे. वह 'खिसियानी बिल्ली' की तरह व्यवहार नहीं करे.

उन्होंने हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों और खासकर हिमाचल प्रदेश के चुनाव परिणाम का हवाला देते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष अपना गृह राज्य नहीं बचा सके, वहां हार का सामना करना पड़ा. अब 'असली पप्पू' कौन है? तृणमूल सदस्य ने कहा कि सरकार वह होनी चाहिए जो 'मजबूत नैतिकता', 'मजबूत कानून व्यवस्था' और 'मजबूत अर्थव्यवस्था' सुनिश्चित करे.

चर्चा में भाग लेते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के ए एम आरिफ ने सरकार को 'आत्मनिर्भर भारत पैकेज' पर श्वेत पत्र लाने की चुनौती दी और यह भी कहा कि लेकिन वह ऐसा नहीं करेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि देश के प्रमुख हवाई अड्डों और बंदरगाहों को एक उद्योगपति के हाथों में सौंपा जा रहा है.

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर ने कहा कि सरकार को विवादित बयान देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. भारतीय जनता पार्टी के जगदंबिका पाल ने महुआ मोइत्रा पर पलटवार करते हुए कहा कि अनुदान की अनुपूरक मांगों को लाने पर सवाल उठाने का क्या औचित्य है. राज्यों में भी इसे लाया जाता है. यहां कहा जा रहा है पप्पू कौन है तो फिर बताना चाहिए है कि राज्य में...कौन है?

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और दुनिया के कई देशों के मुकाबले उसकी विकास दर ज्यादा है. पाल ने कहा कि सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण किया है, जबकि दुनिया के कई देशों में महंगाई बेकाबू हो गई है.

## अश्लील वीडियो मामले में राज कुंद्रा, अन्य की अग्रिम जमानत मंजूर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से अश्लील सामग्री वाले वीडियो वितरित करने के मामले में कारोबारी राज कुंद्रा और अभिनेत्रियों शर्लिन चोपड़ा एवं पूनम पांडे समेत अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। जस्टिस एमके जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने कुंद्रा एवं अन्य आरोपियों को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, 'दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हमारा मानना है कि याचिकाकर्ताओं की अग्रिम जमानत मंजूर की जा सकती है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील आर बसंत ने दलील दी कि मामले में पहले ही आरोप पत्र दायर किया जा चुका है और आरोपी जांच में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पहले इस मामले में कुंद्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। कथित अश्लील वीडियो वितरित / प्रसारित करने के आरोप में कुंद्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं, स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में चोपड़ा और पांडे को सह-आरोपी बनाया गया है।

## विद्युत मंत्रालय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2022 मनाएगा... राष्ट्रपति ईवी यात्रा पोर्टल लॉन्च करेंगी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में देश की उपलब्धियों को दिखाना है।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2022 के समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। केंद्रीय विद्युत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर. के. सिंह भी समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में विद्युत तथा भारी उद्योग राज्यमंत्री श्री कृष्णपाल, विद्युत मंत्रालय के सचिव श्री आलोक कुमार भी शामिल होंगे। राष्ट्रपति राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार, राष्ट्रीय पेंटिंग प्रतियोगिता पुरस्कारों के विजेताओं को सम्मानित करेंगी और इस अवसर पर ईवी यात्रा



पोर्टल भी लॉन्च करेंगी।

ऊर्जा दक्षता तथा इसके संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्युत मंत्रालय के निर्देशन में बीईई औद्योगिक इकाइयों, संस्थानों तथा प्रतिष्ठानों को ऊर्जा खपत में किए गए प्रयासों को मान्यता और प्रोत्साहन देता है और उन्हें इसके लिए प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण के अवसर पर सम्मानित करता है।

इस वर्ष एनईसीए 2022 के लिए आवेदन 27 अक्टूबर, 2022 तक ऑनलाइन आमंत्रित किए गए और कुल 448 आवेदन प्राप्त हुए।

ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में असाधारण कार्य तथा नवाचारी मस्तिष्क को मान्यता देने के लिए वर्ष 2021 में एनईईआईए पुरस्कार प्रारंभ किए गए थे। एनईईआईए 2022 के लिए आवेदन विभिन्न श्रेणियों श्रेणी ए: उद्योग भवन तथा परिवहन क्षेत्र के पेशेवरों तथा श्रेणी बी: विद्यार्थियों तथा रिसर्च स्कॉलरों से मंगाए गए थे।

दोहराए जाने की योग्यता, रियायत, विश्वसनीयता, ऊर्जा बचत पर प्रभाव तथा पर्यावरण और स्थायीत्व पर प्रभाव के आधार पर पुरस्कारों का मूल्यांकन किया जाता है।

एनईईआईए 2022 के लिए ऑनलाइन रूप से 27 अक्टूबर, 2022 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे और कुल 177 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

ऊर्जा संरक्षण और कुशल उपयोग की दिशा में समाज में निरंतर परिवर्तन लाने के लिए विद्युत मंत्रालय 2005 से ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। प्रतियोगिता तीन चरणों- स्कूल, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर- में आयोजित की जाती है। वर्ष 2021 में 80 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। ग्रुप ए के अन्तर्गत पांचवीं, छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए तथा ग्रुप बी के अन्तर्गत आठवीं, नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

'ईवी: यात्रा पोर्टल' तथा मोबाइल एप का शुभारंभ

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने निकटतम सार्वजनिक ईवी चार्जर के लिए इन व्हेकिल नेवीगेशन सुविधा के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया है, देश में ई-गतिशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न केंद्रीय और राज्य स्तरीय पहलों पर सूचना का प्रसार करने के लिए एक वेबसाइट और सीपीयू को अपने चार्जिंग विवरण को सुरक्षित रूप से राष्ट्रीय ऑनलाइन डाटा बेस में पंजीकृत करने में सक्षम बनाने के लिए वेब पोर्टल है।

"ईवी यात्रा" नामक मोबाइल एप्लीकेशन को निकटतम सार्वजनिक ईवी चार्जर में इन व्हकिल नेवीगेशन की सुविधा के लिए डिजाइन और विकसित किया गया है। इस मोबाइल ऐप को आई फोन तथा एंड्रॉयड स्मार्ट फोन दोनों पर गूगल प्ले स्टोर तथा ऐप्पल स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है और आसानी से इंस्टॉल किया जा सकता है।